53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

न्यूनतम 25.6°c अधिकतम 33.0 °c

**अमृतवाणी**

विरासत में हर बार सोना-चांदी, खेती, जागीर ही नहीं मिलता, कई बार जिम्मेदारियां भी मिलती हैं।

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

लालू यादव पंजीकृत अपराधी है, राहुल 55 साल का बच्चा है : सम्राट चौधरी



जो सियासत को जान लेते हैं..... ऐसी बातें नहीं किया करते.....

सूर्योदय - 6:00, सूर्यास्त - 6:31

वर्ष : 53/अंक : 249 मंगलवार, 09 सितम्बर 2025 अश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये कुल पृष्ठ-4

# तीन दिन किया जायेगा ऐलान, चौथे दिन से काटा जाएगा अतिक्रमण पर 1000 रुपये का चालान








**मुजफ्फरनगर, 08 सितंबर (बु.)।** अब जिसकी जेब में पैसे हों, वह खूब अतिक्रमण करें। रोज अतिक्रमण करें और रोज 1000 का चालान कटवाएं। जी हां सुनने में बात अजीब लग रही होगी मगर इस शहर के सड़कों पर अतिक्रमण करने वाले लोग वास्तव में प्यार की भाषा समझने वाले नहीं हैं मगर अब प्रशासन परेशान हो चुका है। रोज रोज इन अतिक्रमणकारियों से गुजारिश कर-करके। अब अंतिम तीन दिन बाकायदा लाउड स्पीकर से शोर मचा-मचाकर ऐलान किया जायेगा कि आपका शहर है, प्यार से आप अपना अतिक्रमण हटा लें। सफेद पट्टी तक के पीछे की जगह जो आपको दी गयी है सिर्फ उसी का उपयोग करें। यदि तीन दिन तक भी किसी के कानों में कोई जूं तक नहीं रेंगती तो इस बार किसी तरह की कोई तकलीफ प्रशासन नहीं करेगा, बस रसीदबुक उठाएगा, आपका नाम पूछेगा और 1000 का चालान आपके हाथों में सौंप दिया जायेगा। अब आपकी इच्छा है कि आपको करना क्या है? दरअसल 5-5 करोड़ रुपये की दुकानों के आगे 500-500 रुपये के ठेले सेब, टमाटर, नींबू, बैंगन, भिंडी आदि बेचते हुए खुलेआम दिखाई देते हैं। बड़ी बात यह है कि मूकदर्शक होकर शहर के नेता इस बात का तमाशा आराम से देखते रहते हैं, क्योंकि अब इन्हें वोट बटोरने की चिंता सताने लगी है। मगर जो लोग सड़कों पर चल रहे हैं, उनकी नेताओं को कोई कद्र नहीं है, क्योंकि फ्री फंड में उनके वोट आखिरकार मिल ही जाते हैं। मगर धीरे-धीरे आम जनता भी जागरूक होने लगी है और तैयारी कर रही है ऐसे नेताओं को नजरअंदाज करने की, जो इस शहर को कई-कई बार कुर्सी पर बैठने के बाद भी कुछ भी देने को तैयार नहीं। इस बार 2027 का चुनाव सत्ताधारियों की नाम में दम कर देगा। क्योंकि अब वो जनता नहीं रही, जो ऐसे नेताओं की चाटूकारिता करे और उन्हें वोट डाले जो हर बार बेवकूफ बनाने के लिए जनता के पास पहुंचते हैं और उन्हें तरह-तरह के पहाड़े पढ़ाकर उनसे वोट बटोर लेते हैं। इस बार जनता इनका रिपोर्ट कार्ड लेने के मूड़ में दिख रही है, क्योंकि मौजूदा नेताओं का हाल यह है कि जनता की परीक्षा में इनके 100 में से क्वालिफाइंग मार्क्स 30 भी नहीं आने वाले हैं। ऐसा कोई भी नेता इस शहर, इस जनपद को नहीं मिल पाया, जिसे वास्तव में आम जनता की परेशानियों से कोई दर्द होता हो। न इस शहर की सड़कें ठीक हैं, न पानी की और अतिक्रमण का तो कहना ही क्या। ऐसे में अब प्रशासन ने भी इस बात के कमर कस ली है कि कुछ भी हो ये अतिक्रमण का जंजाल तो हटाकर ही रहेंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन का यह जोश भी कितने दिन रहता है? सिर्फ दो दिन तक भोंपू बजाया जाता है या जमीन पर उतरकर सप्ताह में सात दिन इसके लिए काम किया जाता है।

## जनपद में डायरिया ने और पसारे पैर, जिला अस्पताल में आज भी आये 70 मामले, पच्चीस को करना पड़ा भर्ती

### जिला अस्पताल में प्रतिदिन आ रहे हैं 400 से ज्यादा वायरल के मामले

**मुजफ्फरनगर, 08 सितंबर (एजेंसी)।** बुलेटिन आपको पहले से मौसमी वायरल के मामलों के प्रति जागरूक कर रहा है। मौसमी वायरल के प्रतिदिन 500 से 600 मामले सामने आ रहे थे। अब जिला अस्पताल में डायरिया के मामलों ने भी जनता में हड़कंप मचा रखा है। जिला अस्पताल में वायरल बुखार और डायरिया पीड़ित मरीजों की भरमार है। ओपीडी में भी प्रतिदिन 50 से 560 से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं, जिनमें बुखार और डायरिया पीड़ित काफी मरीज शामिल हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। जिला अस्पताल में वायरल बुखार सहित डायरिया और गले में संक्रमण के रोगियों की भरमार है। बुखार की शुरूआत हलके नजले और खांसी से होती है। धीरे-धीरे गले में खराश के बाद अचानक तेज बुखार चढ़ता है, जिसमें पूरा शरीर दर्द करने लगता है। चिकित्सक ऐसे



लक्षण आने पर वायरल बुखार, मानकर उपचार दे रहे हैं। पेट की समस्या भी लोगों को परेशान कर रही है, जिसमें डायरिया की शिकायत सर्वाधिक है।

**डायरिया के लक्षण-**

- एक दिन में 3 से अधिक बार पतला, पानी जैसा मल आना।
- दस्त के दौरान पेट में दर्द या मरोड़ महसूस हो सकती है।
- शरीर में तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी से कमजोरी महसूस हो सकती है।
- कभी-कभी संक्रमण के कारण हल्का या तेज बुखार भी हो सकता है।
- यात्रा के दौरान दूषित भोजन या पानी पीने से भी दस्त हो सकते हैं (ट्रैवलर्स डायरिया)।

आपको बता दें कि वायरल में खांसी, जुकाम, बुखार होने पर साफ हो जाता है कि आपको वायरल हो चुका है। ऐसे में अगर इन लक्षणों के साथ पेट भी खराब हो जाता है तो समझ लीजिये कि आपको डायरिया हो चुका है। ऐसे में आपको खुद डॉक्टर बनने के बजाए सीधे अस्पताल जाकर डॉक्टर से सलाह लेनी है। जिला अस्पताल में लगातार प्रतिदिन 500 से 600 मामले पहले से ही वायरल के आ रहे थे। अब इन्हीं मामलों में से 50 से 60 मामले डायरिया के आने शुरू हो चुके हैं। ऐसे में इससे बचाव के लिये शरीर में पानी की मात्रा सही होनी चाहिये।

### चाऊमीन की चटनी में सोडा ज्यादा हुआ तो पेट होगा खराब

**मुजफ्फरनगर।** आपको बता दें डॉक्टर के अनुसार हमें बरसात के दिनों में कोशिश करनी चाहिये कि बाहर का तला, पकाया या फास्ट फूड से परहेज करना चाहिये, जैसे चाऊमीन को ही ले लीजिये चाऊमीन की जो लाल चटनी होती है उसमें थोड़ा बहुत सोडा होता है। अगर सोडे की मात्रा ज्यादा हुई, तो आपको पेट में दिक्कत हो जाती है। पेट में दिक्कत होना या पेट लूज होना भी डायरिया के लक्षण होते हैं। ऐसे में इससे बचना जरूरी है।



डायरिया में शरीर में पानी और नमक की कमी को पूरा करने के लिए खूब सारा तरल पदार्थ पिएं, जैसे पानी, नारियल पानी और ओआरएस। आसानी से पचने वाले हल्के खाद्य पदार्थ जैसे केला, चावल, सेब का सॉस और टोस्ट खाएं। तले हुए और मसालेदार भोजन से बचें। प्रोबायोटिक्स का सेवन आंतों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। लक्षणों के गंभीर होने या लंबे समय तक बने रहने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। **डॉ. योगेंद्र त्रिखा, वरिष्ठ चिकित्सक**

## खूब बिक रहे मुजफ्फरनगर में हथियार, पुलिस भी कर रही जमकर इनका उपचार

**मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद की पुलिस लगातार शानदार कार्यों में सफलता प्राप्त कर रही है। करोड़ों रुपये की स्मैक, चरस, गांजा पकड़ने के साथ-साथ पुलिस को अवैध हथियार बनाने वालों व उनकी तस्करी करने वालों के भी सुराग हासिल हो रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस लाइन में प्रेसवार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 4 अगस्त को भोपा पुलिस ने अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले फिरोज अंसारी निवासी पटौली थाना भोपा समेत 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद किए थे। तभी से पुलिस उक्त गैंग का पर्दाफाश करने में लगी हुई थी। एसपी देहात आदित्य बंसल के नेतृत्व में शाहपुर थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने अपनी टीम के साथ दो तस्कर प्रणव निवासी गांव खेड़ाजट, थाना मंगलौर, हरिद्वार व अनस निवासी तासीपुर थाना मंगलौर, हरिद्वार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया तथा इनके एक साथी दस हजार के इनामी बाल अपचारी को पुलिस ने मौके से अभिरक्षा में लिया है। पकड़े गए तस्करों से पुलिस ने कब्जे से 3 पिस्टल 32 बोर, 7 तमंचे, 19 कारतूस व मोबाइल फोन बरामद किए गए। शाहपुर पुलिस ने तीनों का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है।




### फिरोज अंसारी से सस्ते दामों पर खरीदे जाते थे हथियार

**मुजफ्फरनगर। एसपी देहात ने यह भी जानकारी देते हुए बताया कि 4 अगस्त को पुलिस ने जब अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गैंगलीडर फिरोज अंसारी उर्फ बंटी समेत 14 को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ के बाद से पुलिस इस गैंग के फॉरवर्ड व बैकवर्ड लिंकेज की जांच कर रही थी। शाहपुर पुलिस ने फारवर्ड लिंकेज पर काम किया तो सोमवार को तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी हो सकी। पूछताछ के बाद आरोपियों ने स्वीकार किया कि उक्त गैंग के सदस्य फिरोज अंसारी से ही सस्ते दामों में अवैध हथियार खरीदता था और अच्छे दामों पर आगे बेच देता था। पुलिस गैंग में शामिल अन्य आरोपियों की भी तलाश कर रही है।**

## करंट लगने से विद्युत कर्मचारी की मौत पर जमकर हंगामा, घण्टों तक धरना-प्रदर्शन

▶▶ सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, समझाने का किया गया प्रयास

**चरथावल, 08 सितम्बर (बु.)।** ग्राम दूधली में टूटे तार को खम्भे पर चढ़कर ठीक कर रहे संविदा कर्मचारी की अचानक लाईन में विद्युत प्रवाह होने से करंट की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी। कर्मचारी की मौत की सूचना से स्वजनों में कोहराम मच गया। मौके पर ग्रामीणों व स्वजनों की भारी भीड़ लग गयी। भाकियू नेताओं व ग्रामीणों ने रंजिशन जेई व एसएसओ पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। उन्होंने मृतक के परिवार को 15 लाख रुपए मुआवजा, सरकारी नौकरी व दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किये जाने की मांग की। हंगामे की सूचना पर एसडीएम सदर प्रवीण कुमार,सीओ सदर डॉ. रवि शंकरत व ऊर्जा निगम के एसडीओ आशीष कुमार ने आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत किया। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव दूधली निवासी जगवीर सिंह का पुत्र जितेंद्र उर्फ बारु दूधली विद्युत उपसंस्थान केन्द्र पर कई वर्षो से संविदा पर लाईनमैन के रूप में कार्यरत था। सोमवार की सुबह उसने तार जोड़ने के लिए बिजलीघर पर तैनात एसएसओ अरुण कुमार से शट डाउन लिया। आरोप है कि जब वह खम्भे पर लाइन को ठीक कर रहा था, तभी एसएसओ द्वारा विद्युत प्रवाह छोड़ दिया गया, जिससे लाइनमैन करंट की चपेट में आ गया। लाइनमैन को अस्पताल ले जाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। लाइनमैन की मौत की सूचना पर मौके पर पहुंचे किसान मजदूर संगठन जिलाध्यक्ष लोकेश राणा, भाकियू ब्लाक अध्यक्ष संजय त्यागी,भाकियू नेता विकास शर्मा व भाकियू(अ.) ब्लाक अध्यक्ष ठा. कुशलवीर सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए हंगामा किया। भाकियू



नेता विकास शर्मा का आरोप है कि जेई व एसएसओ मृतक से रंजिश रखते थे। दोनों ने रंजिशन लाइनमैन की हत्या की। इनके दोनों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। भाकियू ब्लाक अध्यक्ष संजय त्यागी ने अधिकारियों से मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी या मृतक की पत्नी को आजीवन उच्चस्तरीय पेंशन, 15 लाख की तत्काल आर्थिक मदद, पांच लाख की दुर्घटना बीमा राशि तथा जेई व एसएसओ को निलंबित कर उनके विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की गयी है। एसडीएम सदर प्रवीण कुमार, सीओ सदर डॉ. रवि शंकर, नायब तहसीलदार सुनील कुमार व ऊर्जा निगम के सहायक अभियंता आशीष कुमार पर पहुंचे और उन्होंने सभी मांगो पर सहमति जताते हुए मृतक परिवार को मदद का आश्वासन दिया है।

### आवारा कुत्तों का बेहतर प्रबंधन करने वाले शहरी निकायों को मिलेगा ईनाम

**लखनऊ, 08 सितंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश सरकार आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और भोजन कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और गैर-सरकारी संगठनों को पुरस्कृत करेगी। अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार ने कुत्तों के जीवन के स्थानीय पहलू को ध्यान में रखते हुए "उपयुक्त भोजन स्थलों" की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य के व्यापक निर्णय के तहत 4 सितंबर को जारी इस कदम का उद्देश्य पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी और वैज्ञानिक कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है, साथ ही जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना भी है। दरअसल राज्य सरकार के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्येक नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए सुरक्षित और ज़म्मेदार भोजन स्थलों का निर्धारण करना है। इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि कुत्तों को उनके क्षेत्र में ही भोजन दिया जाए ताकि संघर्ष कम हो, सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा हो और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल को बढ़ावा मिले। राज्य सरकार के आदेश में कहा गया है, "नसबंदी, टीकाकरण और आहार प्रबंधन में अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और संगठनों को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।"

## शर्मनाक : हैड कांस्टेबिल का पुत्र है बाल अपचारी

मुजफ्फरनगर। कभी-कभी पिता को अपने पुत्र के कृत्य पर शर्म आने लगती है। पुलिस द्वारा जब बाल अपचारी को पकड़ा गया तो ज्ञात हुआ बाल अपचारी के पिता हरिद्वार जनपद में पुलिस विभाग में हैड कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं, जबकि हैड कांस्टेबल का दूसरा पुत्र पिता का नाम ऊंचा करते हुए एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा है। बाल अपचारी खुद को उत्तराखंड का पहला अपचारी अपराधी बताता है। उसके खिलाफ रुड़की, ज्वालापुर, सहारनपुर समेत भोपा थाने में एक-दो नहीं बल्कि 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं। भोपा थाने से ही उस पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। अभिरक्षा में लिए गए बाल अपचारी का मोबाइल चैक किया गया तो चौकाने वाले फोटो व वीडियो सामने आए। मोबाइल से मिले वीडियो में बाल अपचारी एक साथ चार-चार हथियारों के साथ खेल रहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर कारतूसों से अपना नाम लिखकर फोटो भी अपलोड किए है। वही गैंग लीडर के साथ मिलकर उत्तराखंड व यूपी में अवैध हथियारों की तस्करी कर रहा था।

### पुलिस टीम को की एक बार फिर बीस हजार के इनाम की घोषणा

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर एसएसपी लगातार वास्तव में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। साथ ही साथ पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्य किये जाने के बाद उनकी हौसला आफजाई करने के लिए लगातार उन्हें पुरस्कृत कर प्रोत्साहित कर रहे हैं, जिससे पुलिस टीम और अधिक जज्बे के साथ काम करती दिखाई दे रही है। एसएसपी ने हथियार तस्करों को पकड़ने वाली टीम को बीस हजार रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

## शिक्षा के मंदिर में ही शिक्षिका के साथ दुष्कर्म का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर (बु.)।** शिक्षा के मंदिरों को भी हैवानियत का अड्डा बना रहे कुछ शिक्षक। ऐसा ही एक मामला छपार थाना क्षेत्र के बसेड़ा के प्राथमिक विद्यालय से सामने आया है, जिसमें शिक्षकों को शर्मसार करने वाली घटना एक शिक्षक द्वारा घटित की गयी। क्षेत्र के गांव निवासी शिक्षिका ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह बीटीसी की पढ़ाई के साथ साथ गांव के ही प्राथमिक विद्यालय नं. 3 में डीएलएड की ट्रेनिंग कर रही है। सोमवार सुबह 10 बजे के लगभग वह विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने गई तब वहां तुगलकपुर कम्हेड़ा के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत बसेड़ा के शिक्षक प्राथमिक विद्यालय बसेड़ा में निरीक्षण करने आया था। आरोप है कि उसने शिक्षिका को धोखे से काम के बहाने ऑफिस में बुलाया।



शिक्षिका को अकेली पाकर पहले उसके साथ छेड़छाड़ की, फिर दुष्कर्म का प्रयास किया। पहले शिक्षिका ने अपने बचाव की कोशिश की मगर बाद में मजबूरन उसने शोर मचा दिया। शोर मचाने के बाद वहां पर अन्य शिक्षक व आसपास के ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। जैसे ही इसकी सूचना शिक्षिका के परिजनों को लगी तो परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपी शिक्षक को जमकर धोया। इसी बीच सूचना पाकर बसेडा चौकी प्रभारी राहुल वर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शिक्षक को छुड़ाकर थाने पहुंचाया गया। शिक्षिका ने आरोपी के विरुद्ध छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। सीओ सदर डा. रविशंकर मिश्रा ने बताया कि घटना की जांच पडताल की जा रही है। अभी इस संबंध में थाने पर तहरीर नहीं दी गयी है। जानकारी मिल रही है कि दोनों पक्षों के बीच समझौते को लेकर वार्ता चल रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### फरीदाबाद के एक फ्लैट में एसी में धमाका, तीन की मौत

**फरीदाबाद, 08 सितंबर (वार्ता)** राष्ट्रीय राजधानी से सटे हरियाणा के फरीदाबाद में रविवार देर रात सूरजकुंड थाना क्षेत्र की ग्रीन फील्ड कॉलोनी स्थित एक फ्लैट में एसी फटने से आग लगने से शेयर कारोबारी सचिन कपूर, उनकी पत्नी रिंकू और बेटी सुजान की मौत हो गयी। जबकि बेटा आर्यन दूसरी मंजिल से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। हादसे में परिवार का पालतू कुत्ता भी मारा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात अचानक जोरदार धमाका हुआ और इसके बाद कपूर परिवार के फ्लैट से आग और धुआं निकलने लगा। चंद ही मिनटों में पूरा कमरा धुएं से भर गया, जिसके कारण अंदर मौजूद लोगों का दम घुटने से मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन जब तक राहत दल पहुंचा, तब तक तीनों की जान जा चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गये

**श्रीनगर, 08 सितबर (वार्ता)** जम्मू -कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को एक मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गये और एक जूनियर कमीशंड अधिकारी घायल हो गया है। भारतीय सेना ने यह जानकारी दी है। सेना ने बताया कि जम्मू- कश्मीर पुलिस की ओर से दी गयी विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कुलगाम के गुद्दर वन क्षेत्र में सेना, सीआरपीएफ और पुलिस ने एक संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। सेना की श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा, "सतर्क जवानों ने संदिग्ध गतिविधि देखकर आतंकवादियों को ललकारा, जिस पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। इसके बाद दोनों ओर से भीषण गोलीबारी शुरू हो गयी, जिसमें दो आतंकवादी मारे गये और एक जूनियर कमीशन अधिकारी घायल हो गया।" दोनों आतंकवादियों की पहचान की जा रही है। सेना ने कहा कि घायल जवान को जरूरी चिकित्सा सुविधा के लिये चिकित्सा केन्द्र भेज दिया गया है। यह अभियान अभी भी जारी है। पिछले महीने कुलगाम में सेना ने आतंकवादियों के खिलाफ 12 दिनों का एक अभियान चलाया था।

## उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए आज होगा मतदान

**नयी दिल्ली, 08 सितंबर (वार्ता)** उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य हिस्सा लेंगे। इस चुनाव में लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य और राज्य सभा के 239 मौजूदा सदस्य ही वोट कर सकेंगे। इस तरह निर्वाचन मंडल में इस समय 781 सदस्य हैं और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी। मतदान नये संसद भवन में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा और मतों की गिनती शाम छह बजे से होगी। उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन को जबकि इंडिया गठबंधन ने उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश रहे बी सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है। लोकसभा और राज्यसभा में संख्या बल के आधार पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को स्पष्ट बहुमत होने के कारण उसके उम्मीदवार का पलड़ा भारी दिखाई दे रहा है। उप राष्ट्रपति चुनाव के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सभी सांसद मतदान करते हैं। लोकसभा की कुल सदस्य संख्या 543 हैं लेकिन एक सीट खाली होने की वजह से मतदान में 542 सदस्य हिस्सा ले सकेंगे। राज्यसभा में कुल सदस्य संख्या 245 हैं जबकि छह सीटें खाली हैं जिसकी वजह से 239 सदस्य ही वोट कर सकते हैं। इस तरह मतदान के पात्र सदस्यों की कुल मौजूदा संख्या 781 है। चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी। दोनों सदनों में संख्या बल और राजनीतिक समीकरण को देखते हुए राजग के लोकसभा में 293 और राज्यसभा में कम से कम 134 सांसद हैं। इससे राजग के पास कम से कम 427 वोटों का ठोस आंकड़ा है, जो बहुमत के लिए जरूरी 391 वोटों के आंकड़े से बहुत अधिक है। इस तरह राजग उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन के जीतने की प्रबल संभावना है। इंडिया गठबंधन के लोकसभा में 249 और राज्यसभा में 105 सांसद हैं। इस तरह गठबंधन के कुल 354 वोट होते हैं जो बहुमत के लिए आवश्यक आंकड़े 391 से कम है। अगर इंडिया गठबंधन वाईएसआर कांग्रेस और बीजू जनता दल जैसी छोटी पार्टियों को भी अपने पक्ष में कर लेती है तो भी वह जीत के जादुई आंकड़े से दूर ही रहेगा। उप राष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना सात अगस्त को जारी की गयी थी। नामांकन दाखिल करने के लिए 21 अगस्त तक का समय था जबकि नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को की गयी थी। इसमें नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 25 अगस्त तारीख थी।




## प्रत्येक व्यक्ति को घर दिलाने का सपना दिखाने वाली सरकार में दर-दर की ठोकरें खा रही दिव्यांग महिला

मुजफ्फरनगर, 8 सितम्बर (बु.)। एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार इस पवित्र मंशा के साथ घोषणाएं करते हैं कि उनका सपना प्रत्येक गरीब-असहाय व्यक्ति को घर दिलाने का है, मगर सरकार के नुमाइंदे ही सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते हैं। यदि यकीन नहीं आ रहा हो, तो खुद देखिए इन पीड़ितों को और आप ही बताइए कि क्या ये सरकार की योजना के मकान लेने के पात्र नहीं है। इस महिला को ना तो आंखों से दिखाई देता है, ना मुंह से बोल सकती है और ना कानों से एक शब्द भी सुनाई पड़ता है। ऐसे में हमें तो यही लगता है कि ऐसे व्यक्ति को सबसे पहले मकान मिलना चाहिए। मगर अफसोस 2024 से विभिन्न विभाग मिलकर इन्हें सिर्फ आश्वासन की ठोकरें खिला रहे हैं। मकान देने के नाम पर अभी फाइलें इधर से उधर की जा रही हैं। सही जवाब किसी के पास नहीं है। अब राम की सरकार में राम ही जाने इस दिव्यांग गरीब का सपना पूरा होगा या नहीं, मगर बुलेटिन सरकार के नुमाइंदों से गुजारिश करता है कि शायद सबसे पहले पात्र ऐसे ही व्यक्ति हों, जिन्हें ना आंखों से दिखाई पड़ता, ना कानों से सुनाई पड़ता, ना मुंह से बोल सकते हैं, तो कृपया ऐसे लोगों की आवाज सुनने का कष्ट अवश्य करें।



